# सराहनीय कार्य

## इटावा पुलिस

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस नोट- दिनांक 24.09.2024**

- **02 अन्तर्राज्यीय मोटर वाहन चोर गिरफ्तार।**
- **भिन्न-भिन्न राज्यों से चोरी की कुल 05 मोटर साइकिल बरामद।**
- **जनपद दिल्ली से चोरी 01 बुलेट सहित कुल 02 मोटर साइकिल बरामद।**
- **02 तमन्चा व 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद।**

**अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण में एसओजी/सर्विलान्स टीम एवं थाना फ्रेण्डस कालोनी पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से की गयी कार्यवाही।**

**घटना का संक्षिप्त विवरण:-**

वादी सौरभ पुत्र गिरजा शंकर निवासी ग्राम कुनैरा थाना फ्रेण्डस कालोनी जनपद इटावा द्वारा थाना फ्रेण्डस कालोनी पर सूचना दी गयी कि दिनांक 06.08.2024 को उसकी मोटर साइकिल स्प्लेण्डर प्लस नम्बर UP75AS 8373 चोरी हो गयी। सूचना पर तत्काल थाना फ्रेण्डस कालोनी पर **मु0अ0सं0 251/2024 धारा 303(2) बीएनएस** पंजीकृत किया गया।

**गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरण:-**

अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं लूट/चोरी की घटनाओं को कारित करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है इसी के क्रम में दिनांक 24.09.2024 को एसओजी/सर्विलान्स टीम एवं थाना फ्रेण्डस कालोनी पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत दतावली नहर पुल के पास संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग की जा रही थी इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुयी कि नगला मानधाता की ओर जाने वाले रास्ते पर 02 व्यक्ति अवैध असलाह के साथ चोरी की मोटर साइकिलों को कहीं बेचने की फिराक में खड़े हैं। सूचना पर तत्काल पुलिस टीमों द्वारा कार्यवाही करते हुये 02 व्यक्तियों को **नगला मानधाता के पास से समय सुबह 06.15 बजे** गिरफ्तार किया गया।

**पुलिस पूछताछ:-**

गिरफ्तार व्यक्तियों से पुलिस टीम द्वारा नाम पता पूछते हुये उनकी तलाशी ली गयी तो उनके कब्जे से कुल 02 तमन्चा व 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 05 मोटर साइकिल बरामद की गयी जिनके सम्बन्ध में पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि हम दोनों ने यह मोटर साइकिल भिन्न-भिन्न राज्यों से चोरी की हैं तथा 01 मोटर साइकिल स्प्लेण्डर प्लस थाना फ्रेण्डस कालोनी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम कुनैरा से चोरी की है।

उक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना फ्रेण्डस कालोनी पर **मु0अ0सं0 252/2024 धारा 317(2) (चोरी की सम्पत्ति अपने पास रखना) /317(4) (चोरी की सम्पत्ति को बार-बार बेचना) /317(5) (चोरी की सम्पत्ति को छिपाना) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट** पंजीकृत किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1. राहुल पुत्र तेजपाल सिंह निवासी छिमारा रोड थाना जसवन्तनगर जनपद इटावा **उम्र करीब 27 वर्ष।**
2. अभिषेक पुत्र सत्यवीर सिंह निवासी ग्राम बहादुरपुर थाना कुर्रा जनपद मैनपुरी **उम्र करीब 21 वर्ष।**

**पंजीकृत अभियोग-**

1. मु0अ0सं0 252/2024 धारा 317(2)/317(4)/317(5) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना फ्रेण्डस कालोनी जनपद इटावा।

**बरामदगी:-**

1. 02 तमन्चा 315 बोर
2. 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर
3. 01 मोटर साइकिल बुलेट **( जनपद दिल्ली से चोरी मु0अ0सं0 028645 धारा 305B बीएनएस )**
4. 01 मोटर साइकिल स्प्लेण्डर प्लस **( जनपद दिल्ली से चोरी )**
5. 01 मोटर साइकिल स्प्लेण्डर प्लस **( जनपद इटावा से चोरी )**
6. 01 मोटर साइकिल बजाज डिस्कवर
7. 01 मोटर साइकिल होण्डा एसपी 125 रंग लाल

**आपराधिक इतिहास:-**

**अभियुक्त राहुल पुत्र तेजपाल सिंह ( कुल 05 अभियोग )**

1. मु0अ0सं0 145/ 23 धारा 379/ 411 भादवि थाना भरथना जनपद इटावा।
2. मु0अ0सं0 21/19 धारा 307 भादवि थाना वैदपुरा जनपद इटावा।
3. मु0अ0सं0 22/ 20 धारा 3 /25 आर्म्स एक्ट थाना वैदपुरा जनपद इटावा।
4. मु0अ0सं0 251/24 धारा 303(2) बीएनएस थाना फ्रेंड्स कॉलोनी जनपद इटावा।
5. मु0अ0सं0 252/24 धारा 317(2)/317(4)/317(5) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना फ्रेंड्स कॉलोनी जनपद इटावा।

**अभियुक्त अभिषेक पुत्र सत्यवीर सिंह ( कुल 04 अभियोग )**

1. मु0अ0सं0 255/2020 धारा 411/413/414/419/420/467/468/471 भादवि थाना सैफई जनपद इटावा
2. मु0अ0सं0 272/2021 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना सैफई जनपद इटावा
3. मु0अ0सं0 251/24 धारा 303(2) बीएनएस थाना फ्रेंड्स कॉलोनी जनपद इटावा।
4. मु0अ0सं0 252/24 धारा 317(2)/317(4)/317(5) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना फ्रेंड्स कॉलोनी जनपद इटावा।

**पुलिस टीम- प्रथम टीम:-** निरी0 श्री जितेन्द्र प्रसाद शर्मा प्रभारी एसओजी, उ0नि0 श्री नागेन्द्र चौधरी प्रभारी सर्विलान्स मय टीम।

**द्वितीय टीम:-** निरी0 श्री बलराम मिश्रा प्रभारी थाना फ्रेण्डस कालोनी, उ0नि0 नितिन चौधरी, उ0नि0 कृष्ण कुमार यादव, उ0नि0 हेमन्त कुमार, का0 सचिन गिरि, का0 चन्द्रप्रकाश, का0 धर्मेन्द्र कुमार।

**नोट:-** **उक्त सराहनीय कार्य करने में विशेष भूमिका निभाने वाले आरक्षी चंद्रप्रकाश को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा 1000-/ रु के नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया है।**